हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 शहर के चौराहों से अतिक्रमण हटाकर...



07 जनप्रतिनिधियों से सहायक उपकरण पाकर...



## खबर संक्षेप

### चारा, भूसा का जिले से बाहर निर्यात करना प्रतिबंधित

**नलखेड़ा।** आगर-मालवा जिले में पशुओं के लिये वर्षभर भरण पोषण हेतु चारा और भूसा की उपलब्धता बनाये रखने हेतु कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर चारा, भूसा का जिले से बाहर निर्यात एवं ईंधन के रूप में उपयोग करना प्रतिबंधित किया है। जारी आदेशानुसार जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति या संस्थान द्वारा सुखला, घास, भूसा (सोयाबीन एवं अन्य फसल), कड़बी (ज्वार मक्का के डंठल)) आदि सहित समस्त पशु चारा जिले के बाहर निर्यात नहीं किया जाएगा। उद्योगों/फैक्ट्रीयों के बायलरों/ईंट भट्टों आदि में पशु चारा, भूसा का ईंधन के रूप में उपयोग नहीं किया जाएगा। भूसा तथा चारे का युक्ति संगत मूल्य से अधिक पर किसी भी व्यक्ति द्वारा क्रय-विक्रय करना एवं कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने के लिये अनावश्यक रूप से संग्रहण करना प्रतिबंधित होगा। ईंधन उपयोगी भूसे का स्टॉक के लिये लायसेंसधारी उद्योग ही स्टॉक कर सकेंगे, इसकी सुरक्षा की समस्त जवाबदारी संबंधित लायसेंसधारी की रहेगी, जिसे प्रतिबंधित अवधि में जिले के बाहर नहीं ले जाया जा सकेगा। यह आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। इस अवधि में उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### जिले में चायनीज मांझा प्रतिबंधित

**नलखेड़ा।** चायनीज मांझा (चायना डोर) का पतंगबाजी में उपयोग से आमजनता एवं पशु-पक्षियों में होने वाली घटनाओं की रोकथाम हेतु सम्पूर्ण आगर-मालवा जिले में चायनीज मांझा (नायलॉन, चीनी, और कपास के साथ लेपित मांझा/कांच का उपयोग करके निर्मित मांझा) का विनिर्माण, विक्रय, भंडारण और उपयोग प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने आमजन और पशु-पक्षियों की सुरक्षा के दृष्टिगत भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सम्पूर्ण आगर-मालवा जिले में चायनीज मांझा के उपयोग को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। आदेश दो माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा।

### उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी।


## चूरमा बाटी का लगाया भोग, नगर में निकाला चल समारोह

# भैरव पूर्णिमा पर सकलेचा बंधुओं ने सामूहिक रूप से पूजे कुल भैरव











### कालाजी महाराज का पूजन किया

भैरव जी के पूजन के पश्चात सभी समाज बंधु नगर से 2 किमी दूर कालाजी महाराज के देव स्थान पर पहुचे, जहां पर भी प्रतिमा जी का चोला चढ़ाकर पूजन-अर्चन कर चूरमा-बाटी आदि का भोग लगाया ।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अगहन माह की पूर्णिमा पर सकलेचा गौत्रिय बंधुओं द्वारा कुल भैरव की सामूहिक पूजा आराधना का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में चल समारोह निकाल कर भैरूजी का आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें चूरमा बाटी का भोग लगाया गया। देशभर में फैले समस्त सकलेचा गौत्रिय बंधुओं के हाजरा-हुजुर कुल भैरव की प्रतिमा नलखेड़ा में है। इस स्थान पर प्रतिवर्ष दो बार अगहन माह व वैशाख माह की पूर्णिमा के दिन सकलेचा परिवार द्वारा सामूहिक पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें कई स्थानो से सकलेचा बंधुओ द्वारा भाग लिया जाता है। गुरूवार को कुल भैरव जी की सामूहिक पूजन के अवसर पर प्रातः 9.30 बजे नगर में ढ़ोल-ढमाकों के साथ चल समारोह निकाला गया। जिसमें सकलेचा गौत्रिय बन्धु व महिलाएं हाथों में पूजन सामग्री लेकर चल रही थी। प्रमुख मार्ग से होता हुआ जुलूस पांडिया कॉलोनी स्थित भैरवजी के देवस्थान पर पहुंचा। जहां सभी सकलेचा बंधुओं व महिलाओं ने भैरवजी का सामूहिक पूजन कर उन्हें विभिन्न सामग्री का भोग लगाया तथा आरती की गई। इस मौके पर प्रतिमाजी का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया।

### भगवान गजानन व अंजनीलाल का भी हुआ पूजन

कुल भैरव की पूजन के पूर्व सकलेचा समाज के बंधु ढ़ोल-ढ़माकों के साथ बड़ा गणपती मंदिर पहुंचे, जहां भगवान गजानन की पूजा-अर्चना कर उन्हें मोदक का भोग लगाया गया। इसके बाद देव स्थान के समीप स्थित अंजनीलाल हनुमान चबूतरे पर पहुंचकर हनुमान प्रतिमा को चोला चढ़ाकर पूजा की गई। इसी के साथ देव स्थान परिसर में स्थित अंबिका माता की प्रतिमा का भी महिलाओं द्वारा पूजन कर उन्हें सुहाग की सामग्री के साथ वस्त्र आदि सामग्री चढ़ाकर आरती की गई। भैरव पूर्णिमा के अवसर पर पारसकुमार मूलचन्द सकलेचा के द्वारा चौक बाजार स्थित जैन श्वेतांबर धर्मशाला पर भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया।

# वीआईटी में इंटीग्रेटेड एमटेक कंप्यूटर साइंस इन एआई की डिग्री से कम्प्यूटर साइंस शब्द गायब!



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

छात्रों के अनुसार 2020 के अंत में एडमिशन के समय उनके सिस्टम और वेबसाइट पर डिग्री का नाम 'इंटीग्रेटेड एमटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन एआई' ही था। कोठरी स्थित प्रतिष्ठित वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) पर उसके छात्रों ने डिग्री के नाम पर धोखाधड़ी और भविष्य से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि उन्हें इंटीग्रेटेड एमटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन एआई की डिग्री देने का वादा किया गया था, लेकिन अक्टूबर 2025 में मिली डिग्री में से कंप्यूटर साइंस शब्द गायब कर दिया गया, जिससे उनके करियर पर संकट खड़ा हो गया है।

छात्रों के अनुसार 2020 के अंत में एडमिशन के समय उनके सिस्टम और वेबसाइट पर डिग्री का नाम 'इंटीग्रेटेड एमटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन एआई' ही था। उस वक्त जब छात्रों ने इस विषय पर प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा तो प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि जो नाम सिस्टम में है, वही डिग्री में भी मिलेगा। इसी भरोसे पर छात्रों ने एफिडेविट बनवाकर जमा किए, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि 2020 के अंत में 'और सिस्टम से 2021 में' कंप्यूटर साइंस शब्द हटा दिया गया। यह समस्या 2019 बैच से 2025 तक के सभी छात्रों को प्रभावित कर रही है, जिनकी संख्या 800 से अधिक बताई जा रही है।

**छात्रों को डर, अब भविष्य दांव पर:** छात्रों को डर है कि डिग्री में कंप्यूटर साइंस न होने के कारण वे सरकारी विभागों में कंप्यूटर साइंस की नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे। वे केवल यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें एक ऐसा लिखित पत्र दिया जाए, जिसमें यह स्पष्ट रूप से लिखा हो कि दोनों डिग्रियां (पुरानी और नई) समान हैं।

एआई विभाग के कुछ वरिष्ठ अध्यापकों ने छात्रों को अनौपचारिक रूप से बताया है कि यह प्रबंधन की गलती थी। यह नाम एमआईपी कोर्स से हटाया जाना था, लेकिन गलती से एमआईएम कोर्स से हट गया, जिसे अब कोई सुधारना नहीं चाह रहा क्योंकि यह बहुत बड़ी गलती है। वहीं इस मामले में वीआईटी के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इस मामले को हम वरिष्ठ अधिकारियों को दिखवाएंगे।

### गोल्ड मेडलिस्ट को लगाई फटकार

पांच साल तक छात्रों ने इस मुद्दे पर शिकायतें कीं, लेकिन हर बार मैनेजमेंट बदलने के कारण कोई समाधान नहीं निकला। जब अक्टूबर 2025 में छात्रों को इंटीग्रेटेड एमटेक इन एआई की डिग्री मिली तो गोल्ड मेडलिस्ट शाकल्या ने एबीपी और वाइस चांसलर सहित सभी उच्च प्रबंधन को ईमेल किया। कई अन्य छात्रों ने भी मेल किए, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बजाय एडमिशन डायरेक्टर ने शाकल्या को फोन पर खूब डांटा यह कहते हुए कि 97 प्रतिशत नंबर लाने के बावजूद उन्हें पता नहीं कि किससे संपर्क करना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि शुरू में कंप्यूटर साइंस डिग्री में शामिल था, लेकिन बाद में हटा दिया गया, यह तर्क देते हुए कि एआई के साथ कंप्यूटर साइंस खुद समझ में आ जाता है। उन्होंने छात्रों को अपनी मार्कशीट दिखाने की सलाह दी, जिसमें कंप्यूटर के विषय लिखे हैं।

# तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकराई, चालक घायल

**सीहोर।** बुधवार सुबह बड़ा मुंगावली के पास एक तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि सेमरा दांगी गांव की यह कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंभा कई हिस्सों में टूटकर गिर गया और कार खेत में जा समाई।

हादसे के समय कार में सिर्फ चालक ही मौजूद था। टक्कर की तीव्रता के बावजूद उसे सिर्फ हल्की चोटें आईं, जो किसी बड़े हादसे से बच जाने जैसी बात है। घटना होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ट्रैक्टर की मदद से कार को खेत से बाहर निकाला और घायल चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया।



ग्रामीणों का कहना है कि कार की गति काफी अधिक थी, जिससे टक्कर इतनी भीषण हुई। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिष्योपनयन संस्कार और अभिमुखीकरण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**सीहोर।** आयुर्वेद और सिद्ध अध्ययन विद्यालय श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेस में नवप्रवेशित छात्र सत्र 2025-26 के शिष्योपनयन संस्कार एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम मानकों के अनुसार आगामी 15 दिनों तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में विद्यार्थियों को आयुर्वेद की उपयोगिता, पाठ्यक्रम की रूपरेखा, एवं आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जाएगा।




इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मधुसूदन देशपांडे, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ गुरु आरोग्य भारती के पूर्व सचिव, डॉ. हरेंद्र भदौरिया, नीमा राष्ट्रीय संगठन, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण वानखेड़े उपस्थित रहे। डॉ. मधुसूदन देशपांडे ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को आयुर्वेद को पूर्ण रूप से अंगीकार करते हुए ज्ञानार्जन करना चाहिए तथा भविष्य में उसी ज्ञान को समाज सेवा एवं चिकित्सा रूप में समर्पित करना चाहिए। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व को विस्तार से बताते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार किया।

कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी ने कहा कि आगामी समय आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संभावनाओं से परिपूर्ण है। अतः विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्याभ्यास करना चाहिए। डॉ. हरेंद्र भदौरिया ने संगठन की गतिविधियों एवं उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संगठन से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं में उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी सत्र में डॉ. अरुण वानखेड़े एवं डॉ. भावना भाटिया द्वारा लिखित आयुर्वेद विषयक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। विद्यार्थियों को चरक शपथ प्राचार्य डॉ. अरुण वानखेड़े द्वारा दिलाई गई, जिसमें चिकित्सक धर्म एवं मानवीय मूल्यों के पालन का संकल्प कराया गया। संचालन एवं आभार डॉ. ज्योति धाकड़ द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. त्रुप्ती येनुरकर द्वारा व्यक्त किया गया। शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयुर्वेद के पथ पर आगे बढ़ने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कार्यक्रम ने एक सार्थक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण का निर्माण किया।

## दिव्यांग दिवस पर किया सहायक उपकरणों का वितरण

# भाजपा के राज में दिव्यांगता बन चुकी है वरदानः अरूणा राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व दिव्यांगता दिवस की पूर्व संध्या पर क्रिसेंट रिसॉर्ट में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को संबोधित करते हुए अरुणा सुदेश राय ने कहा कि पहले की सरकारों में शारीरिक रूप से आशक्त महिला पुरुषों बच्चों को अपाहिज कहा जाता था। भाजपा की केंद्र में सरकार आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक सम्मान देते हुए आसक्तजनो को दिव्यांग नाम दिया। अब भारतीय जनता पार्टी के राज में दिव्यांगता वरदान बन चुकी है और हर क्षेत्र में दिव्यांगजन तरक्की कर रहे हैं। कार्यक्रम को वरिष्ठ समजसेवी अखिलेश राय ने भी संबोधित किया और दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को वसुन्धरा वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए। विधायक सुदेश राय के सतत प्रयासों तथा *समाजसेवी अरुणा सुदेश राय के सहयोग से वसुन्धरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को उनकी आवश्यकतानुसार TLM किट, CP चेयर, व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवणयंत्र, बैसाखी, छड़ी, फोल्डिंग स्टिक सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। समाजसेवी अरुणा सुदेश राय ने अपने कहा कि वसुन्धरा वेलफेयर फाउंडेशन जिस निष्ठा और करुणा के साथ मानव सेवा का कार्य कर रही है, वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायी है।



### बस स्टैंड नहीं आतीं बसें करना पड़ता है इंतजार

**सीहोर।** इंदौर, भोपाल और उज्जैन की ओर जाने वाली कई बसें सीधे बायपास से निकल जाती हैं। भोपाल जाने वाली बसें भी बस स्टैंड पर नहीं रुकतीं। इन्हें सैकड़ाखेड़ी रोड की तरफ खड़ा कर दिया जाता है। यात्रियों को इन बसों में चढ़ने के लिए सड़क किनारे खड़ा रहना पड़ता है। वहां बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। रोजाना लोग परेशान होते हैं। आरटीओ विभाग ने कई बार इन बस चालकों पर कार्रवाई की। उन्हें बस स्टैंड भेजा गया। कुछ दिन तक नियम चला, फिर हालात पहले जैसे हो गए। बस स्टैंड पर भी यात्रियों के लिए सुविधाएं नहीं हैं। प्रतीक्षालय तक नहीं है। लोग दुकानों के सामने खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं।

### वाहनों की रफ्तार पर लगना चाहिए लगाम

**सीहोर।** शहर में इन दिनों बाइक ही नहीं, चार पहिया वाहन भी तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं। बाजार क्षेत्र में भी कई बार ऐसी स्थिति बनती है। हर रात इंदौर नाका से चौपाल सागर रोड तक चार पहिया वाहन तेज गति से गुजरते हैं। कुछ दिन पहले इसी रोड पर एक हादसा हुआ था। एक युवक की जान चली गई थी। बाजार में बाइक सवार भी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। ऐसे में टक्कर होने पर बचना मुश्किल हो जाता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यातायात पुलिस को ऐसे वाहन चालकों पर सख्ती करनी चाहिए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी, हादसों पर रोक लगना मुश्किल है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### श्री गौड ब्राह्मण समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**देवास।** महामना मदन मोहन मालवीय श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का निःशुल्क सामुहिक सम्मेलन एवं यज्ञोपवीत का आयोजन शुक्रवार को एबी रोड स्थित जोशी फार्म हाऊस, अरगस गार्डन के सामने, देवास में होने जा रहा है। ट्रस्ट महासचिव पंकज पंड्या एवं संगठन प्रमुख सचिन जोशी ने बताया कि निःशुल्क सामूहिक सम्मेलन को लेकर महामना ट्रस्ट एवं आयोजन समिति की आवश्यक बैठक पं. मदनमोहन मालवीय ट्रस्ट श्री श्रीगौड ब्राह्मण समाज 259/7 अन्नपूर्णा नगर पुलिस लाईन में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित ट्रस्ट के चैयरमेन शिवनारायण पाठक ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि इस विवाह सम्मेलन में वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर धरानन्द महाराज बीकानेर पधार रहे है।

### भीम आर्मी ने किया मिठाई का वितरण

**देवास।** भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा नगीना (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रूपेश बामनिया ने किया, जिसमें बाबा साहब अंबेडकर के स्टेच्यू के पास मिठाई और पटाखे के साथ जन्मदिन मनाया गया। चंद्रशेखर आजाद ने हमेशा संरक्षण के लिए संघर्ष किया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# शहर के चौराहों से अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुगम बनाएं: कलेक्टर

### शहर में मैजिक, ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा के लिए पिकअप और ड्रॉप प्वाइंट चयनित करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रदूषण को लेकर अभियान चलाए। अभियान चलाकर वाहनों का पीयूसी चेक करें। कमर्शियल वाहनों पर पुलिस और आरटीओ पीयूसी नहीं होने पर फाइन लगाए। यात्री बसों में दिव्यांग/महिला/वरिष्ठ नागरिक हेतु सीटों का आरक्षण कर बसों में मार्किंग करें। कलेक्टर सिंह ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल पंप पर एक माह में पीयूसी केंद्र स्थापित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 साल से ऊपर वाली गाड़ी का पीयूसीस सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से होना चाहिए। सर्टिफिकेट नहीं होने पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि प्रदूषण लेवल कंट्रोल में रहना चाहिए। पुलिस को निर्देश दिए कि जिले में ड्रिंक एवं ड्राइव पर कार्यवाही करें।

कलेक्टर सिंह ने सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे स्टेशन पर यातायात एवं अन्य सुविधाओं, पार्किंग, तथा रेलवे ब्रिज के पास जल निकासी की उचित व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देश दिए। भोपाल चौराहा से रसूलपुर चौराहा तक अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुगम बनाए। उन्होंने नगर निगम को सब्जी मार्केट के लिए जगह चिन्हित कर प्लान बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहर में यातायात सुगमता के लिए मैजिक, ऑटो रिक्शा और ई- रिक्शा के लिए पिकअप और ड्रॉप प्वाइंट चयनित करें। जिससे मैजिक, ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा वाले निर्धारित जगह से सवारी बिठाए और निर्धारित स्थान पर सवारी उतारे। शहर में बंद ट्राफिक सिग्नलों को सुधार कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिये कि शहर में चिन्हित पांच लेफ्ट टर्न पर कार्य करें। सिविल लाइन तिराहे पर लेफ्ट टर्न पर कार्य करें, सिविल लाइन तिराहे पर रोड़ पर चैंबर का गड्ढा समतल करें। उन्होंने मक्सी बायपास चौराहे से बिजली के पोल को शिफ्ट करने के निर्देश दिये। नगर निगम रेत मंडी को शिफ्ट करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। नगर निगम देवास में गोशाला की क्षमता बढ़ाकर कम से कम 01 हजार गाय की व्यवस्था के लिए शेड बनाए। नगर निगम सांसद निधि, विधायक निधि और उद्योग के सहयोग से शेड बनाए।

बैठक में देवास शहरी क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मार्गो से निराश्रित पशुओं का विचरण हटाए जाने के संबंध में एवं शहर के आस-पास की गौशालाओं में शिफ्ट करने की कार्यवाही पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर निराश्रित पशुओं का विचरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने हाईवे से अवैध कट प्वाइंट हटाने के निर्देश भी दिये। जिले के अंतर्गत मार्गो पर ब्लैक स्पॉट के लांग टर्म्स एवं शॉर्ट टर्म परिशोधन किये जाने पर चर्चा की गई।

रसूलपुर चौराहा, बावड़ियां चौराहा, ग्राम अरनिया से नेवरी फाटा, ग्राम खटाबा, ग्राम सिया तिराहा, नावदा फाटा, जिला जेल चौराहा सहित अन्य ब्लैक स्पॉट पर कार्यवाही के निर्देश दिए। देवास-भोपाल रोड पर सीआईए स्कूल के सामने, जानडियर फैक्ट्री सहित अन्य कट प्वाइंट को बंद करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने पूर्व में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर किये गए कार्यो की जानकारी ली। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, सासंद प्रतिनिधि शम्भु अग्रवाल, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक एच एन बाथम, जिला सड़क सुरक्षा समिति सचिव एम.एस. डेहरिया, ट्रैफिक टीआई पवन कुमार सहित नगर निगम, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# किसानों को मिलेगी राहत: जिले को दो रैक से 5259 मीट्रिक टन यूरिया मिला

### यूरिया की एक साथ दो रैक लगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के किसानों को लगातार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास की गोपेश पाठक ने बताया कि देवास जिले को अब तक 43 हजार 159 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक प्राप्त हो चुका है। साथ ही गुरूवार को कृभको का यूरिया 2632 मीट्रिक टन एवं इंडियन पोटाश लिमिटेड का 2627 मीट्रिक टन यूरिया की रैंक लगी हैं। जिससे जिले को 5259 मीट्रिक टन यूरिया मिल रहा है। जिससे देवास, टोंकखुर्द, सोनकच्छ, हाटपिपल्या एवं बागली तहसील के डबललाक केन्द्रों, एमपीएग्रो, मार्केटिंग सोसायटियों एवं निजी विक्रेताओं के यहा पर उर्वरक का भंडारण किया जा रहा है। साथ ही हरदा रैक पाईंट पर दो दिन में इफको यूरिया 800 मीट्रिक टन मिलने वाला है, जिससें कन्नौद, खातेगांव तथा सतवास क्षेत्र में यूरिया पर्याप्त मात्रा में पहुंचाया जायेगा। जिले के किसानों को यूरिया उर्वरक की कमी नहीं होगी। जिले में सतत यूरिया की पूर्ति की जा रही है। किसान भाई अनावश्यक यूरिया का भंडारण न करें। जिले में समय-समय पर यूरिया उपलब्ध होता रहेगा।उप संचालक कृषि पाठक ने किसान भाइयों से अपील की है कि जिले में यूरिया का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में किया जा रहा है। किसान भाई अपने क्षेत्र के डबललॉक केन्द्रों, एमपीएग्रो, मार्केटिंग सोसायटियों एवं निजी विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर एवं पीओएस के माध्यम से ही यूरिया उर्वरक क्रय करें।

### आबकारी विभाग ने तीन स्थानों पर कार्रवाई कर अवैध शराब पिलाने वाले रेस्टोरेंट को किया बंद

**देवास।** जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित ने बताया कि इसी कड़ी में गत दिवस देवास शहर में स्टेशन रोड, गजरा गियर चौराहा एवं कालूखेड़ी में स्थित अवैध रेस्टोरेंट जहाँ पर शराब पिलाई जाती है, उन्हें बंद करने की कार्रवाई की गई।

### ठंड के मौसम में शहर में किए जाने वाले जल वितरण का समय परिवर्तन

**देवास।** नगर निगम जलप्रदाय शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार अत्यधिक ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए शहर मे निगम द्वारा किए जाने वाले जल वितरण के समय मे परिवर्तन किया गया है जिसके अन्तर्गत पानी की बडी टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 5 बजे से, शंख द्वार टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से,आनंदऋषि नगर टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, सन सिटी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, ताराणी कालोनी पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से किया गया है।इसी प्रकार बजरंग नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, राजाराम नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, रानीबाग पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से, उत्तम नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, आमोना पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से, नागदा पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से जल वितरण के समय मे परिवर्तन किया गया है।

### जिले में एसआईआर के तहत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य 99.18 प्रतिशत पूर्ण

**देवास।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 99.18 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ में 99.81 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास में 97.76 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हाटपीपल्या में 100 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र खातेगांव में 99.86 प्रतिशत और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बागली में 98.90 प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। जिले में अब तक 1208 मतदान केन्द्रों का शतप्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। एसआईआर कार्य के तहत जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किये गये है। जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जानकारी तथा समस्यओं के त्वरित निराकरण के लिए डिस्ट्रीक कान्टेक्ट सेंटर में पाली अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर त्वरिक निराकरण किया जा रहा है। जिले में एसआईआर कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है।

# सेन थॉम एकेडमी की पूर्व छात्रा वैष्णवी एनडीए में 149 वी बैच से हुई पास आउट, स्कूल का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी अपनी पूर्व छात्रा वैष्णवी गोरड़े की अद्वितीय उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रही है, जिन्होंने प्रतिष्ठित नेशनल डिफेंस अकादमी को सफलतापूर्वक पास किया है। वैष्णवी ने ऑल इंडिया में तीसरी रैंक हासिल कर एनडीए में प्रवेश पाया था और वो 149वें कोर्स का हिस्सा बनीं।यह वही कोर्स है जिसमें दूसरी बार महिला कैडेट्स को प्रशिक्षण के लिए शामिल किया गया था।यह क्षण न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे सेन थॉम एकेडमी परिवार के लिए गर्व और उल्लास से भरा हुआ था। इस अवसर को और भी यादगार बनाने के लिए सेन थॉम एकेडमी के अध्यक्ष सुनील थॉमस और



निदेशिका हैंसी थॉमस ने परेड में शामिल होकर अपनी पूर्व छात्रा को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। उनकी उपस्थिति ने यह दर्शाया कि विद्यालय छात्रों के सपनों को साकार करने और उन्हें बहुमुखी व्यक्तित्व में ढालने के लिए सदैव तत्पर रहता है।वैष्णवी के माता-पिता सुनील गोरड़े और सारिका गोरड़े एवं उनकी बड़ी बहन इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। एनडीए से इस गौरवशाली उपलब्धि के बाद अब वैष्णवी अपनी आगे की ट्रेनिंग एयर फ़ोर्स अकादमी, बेंगलुरु में पूरी करेंगी। वैष्णवी की सफलता सेन थॉम एकेडमी के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ है। यह सम्मान पूरे देश का है, और साथ ही विद्यालय का भी — जहां से वैष्णवी ने अपने सपनों की पहली उड़ान भरी थीऔर इसी संस्थान से उनकी देशसेवा की राह ने आकार लिया।

# बांगर में हर्षोउल्लास के साथ मनाया श्रीदत्त जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री दत्त पादुका मंदिर क्षेत्र बांगर में श्री दत्त जन्मोत्सव गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात 4:30 बजे कांकड़ आरती के बाद गुरुचरित्र का पाठ हुआ। नियमित पूजा तथा आरती के साथ भक्तों के दर्शन करने का क्रम प्रारंभ हुआ। दिन में भजन कीर्तन के कार्यक्रम हुए शाम 5:40 पर भगवान श्री दत्तात्रेय का जन्म हुआ। जन्म के बाद पालना गीत एवं पालना आरती हुई। दत्त जन्म के दिन का विशेष प्रसाद सूंठवडा का वितरण किया गया। संध्या 6:20 पर धूप आरती एवं 7:00 बजे महाआरती हुई जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए। भगवन दत्त जन्म के बाद भव्य आतिशबाजी एशियन फायर वर्क्स देवास द्वारा की गई जिसमे आकाश में रंगारंग प्रस्तुति उपस्थित लोगों ने देखी। मंदिर के व्यवस्थापक और पुजारी दत्तप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि भगवान दत्त जन्मोत्सव के अवसर पर चले सप्ताह भर विभिन्न आयोजन हुए। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर की आकर्षक विद्युत सज्जा व सजावट की गई जिसमें विभिन्न प्रकार के पांच क्विंटल फूलों के साथ अन्य तरह से मंदिर परिसर को सजाया गया। इसमें सोनू जायसवाल द्वारा भगवान दत्तात्रेय की बनाई गई रंगोली भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। दिनभर दर्शन का सिलसिला चलता रहा जिसमें हजारों लोगों ने दर्शन का लाभ लिया और जन्मोत्सव में सम्मिलित हुए। भंडारा भी अपने मूल स्वरूप में इस बार दिनांक 07 दिसंबर 2025 रविवार को मंदिर परिसर में किया जाएगा। मंदिर के वर्तमान पीठाधीश्वर श्री अवधूत स्वामी ने कहा कि 10 जुलाई 1975 पादुका स्थापना से ही यह मंदिर का स्थान लोगों के आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। मध्य प्रदेश ही नहीं अपितु बाहर से वर्ष भर लोगों का आना-जाना बना रहता है। श्रद्धालुओं के अनुसार श्री दत्त पादुका मंदिर से भक्तों की उनकी कहीं अनुसार मनोकामना पूरी होती है। इसके कई उदाहरण देखने को मिले हैं। पांच गुरुवार लगातार मंदिर में आने से अनेक कष्टों का निवारण और आध्यात्मिक शांति का अनुभव भक्तों को निश्चित प्राप्त होता है। यह एक जागृत भक्ति का स्थान है,जो की शक्ति (देवास) और वैराग्य (उज्जैन) के बीच में स्थित भक्ति पीठ बांगर ग्राम क्षेत्र है।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक, उज्जैन रेंज भसीन ने किया जिले का निरीक्षण और समीक्षा दौरा

# स्टाफ से चर्चा कर समस्याओं और आवश्यकताओं को जाना






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरुवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन देवास जिले के आधिकारिक भ्रमण पर पहुँचे । भसीन ने सर्वप्रथम जिला कंट्रोल रूम स्थित सभागार में जिले के सभी राजपत्रित एवं प्रमुख पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी त्यौहारों, भीड़-भाड़ वाले आयोजनों एवं वर्षांत के दौरान बढ़ने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों पर सतत निगरानी रखी जाए, गश्त व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए। लंबित एवं गंभीर प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा,सायबर अपराध की रोकथाम तथा सामुदायिक पुलिसिंग को ओर प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए ।बैठक उपरांत भसीन ने थाना बैंक नोट प्रेस का भ्रमण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना भवन,अभिलेख,सीसीटीव्ही व्यवस्था,मालखाना,थाना रिकॉर्ड तथा साफ-सफाई की स्थिति का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि थानों को जनता के लिए सहज, सुरक्षित एवं विश्वासपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए । इस अवसर पर उन्होंने थाना प्रभारी एवं उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों से चर्चा कर उन समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी ली,जिनका समाधान प्रशासनिक स्तर पर किया जा सकता है ।दौरे के अंतिम चरण में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने यातायात प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 'यातायात जागरूकता रथ' का फ्लैग ऑफ किया। यह रथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को ट्रैफिक नियमों का पालन करने,हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा सड़क सुरक्षा के अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के प्रति जागरूक करेगा। भसीन ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है और पुलिस का यह अभियान जनता के व्यापक हित में निर्णायक भूमिका निभाएगा ।अपने पूरे दौरे के दौरान भसीन ने देवास पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस बल को सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# बैंक नोट मुद्रणालय में मनाया गया औद्योगिक संरक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बैंक नोट मुद्रणालय देवास में भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में औद्योगिक संरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भोपाल गैस त्रासदी से ग्रसित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। सभी कर्मचारियों के बीच संरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमे विभिन्न संरक्षा प्रतियोगिताओं के साथ-साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षा अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा भोपाल गैस त्रासदी के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी गई एवं कारखाना में संरक्षा के महत्व एवं विभिन्न रसायनों के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष के. एन. महापात्र द्वारा सभी कर्मचारियों को संरक्षा शपथ ग्रहण करवाई गई । महापात्र द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संस्थान अपने संरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित हैं एवं प्रबंधन संरक्षा मूल्यों को हमेशा सर्वोपरि रखता हैं । जिसके फलस्वरूप हमारे संस्थान को प्रतिवर्ष विभिन्न संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट संरक्षा प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया जाता हैं । भोपाल गैस त्रासदी से सीखते हुए कर्मचारियों एवं नागरिकों में जागरूकता का संचार होना चाहिए। उन्होने हाल ही में मुद्रणालय को संरक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मुंबई से सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होने कहा कि कि संरक्षा कोई एक दिन का कार्य नहीं हैं यह एक सतत प्रक्रिया हैं । सीआईएसएफ अग्नि स्कन्ध द्वारा इसमें रसायन दुर्घटना विषयक मोक ड्रिल एवं रेस्क्यू ड्रिल का उत्कृष्ट प्रदर्शन स्याही कारखाना में किया। इसमें अपर महाप्रबंधक एस. एस. राठौर, वरिष्ठ समादेष्टा संदीप कुमार एस., उपमहाप्रबंधक प्रदीप कुमार शर्मा, अग्नि निरीक्षक राजेंद्र सिंह, एएसआई धनराज सिंह खिंची इत्यादि के साथ यूनियन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मंदिर से भगवान का छत्र चोरी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती निवासी रमाकान्त गोस्वामी पुत्र अशोक कुमार गोस्वामी ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत कई वर्षों से वह रेलवे स्टेशन के सामने बने जूना अखाड़ा हनुमान मंदिर से आरती पूजा करते हैं। प्रतिदिन की भांति वह 2 दिसंबर की रात करीब 10 बजे मंदिर का ताला बंद करके अपने घर चला गया। अगले दिन सुबह 8 बजे जब वह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जब उसने अंदर जाकर देखा तो हनुमान जी महाराज का चांदी का छत्र व मुकुट 2/3 दिसम्बर को रात में किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है।

### मनचले ने घर में घुसकर की छेड़छाड़

**ललितपुर।** आरोप है कि पहली दिसम्बर को रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर पर था, तभी मोहल्ला मऊठाना निवासी शिवम सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी अपने एक अन्य साथी के साथ आया और उसकी 21 वर्षीय पुत्री को गालियां देने लगा। आरोप है कि पुत्री से अश्लीलता करने लगा। जब उसने दरवाजा खोला तो शिवम सोनी घर में जबरन घुस आया और पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा। मना करने पर गालियां देते हुये पुत्री को जबरन पकड़कर उठाकर ले जाने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अनाज बेचकर जा रहे किसान पर हमला

**ललितपुर।** कल्यानपुरा निवासी नरेंद्र परिहार पुत्र हन्नाम परिहार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे वह गल्ला मंडी से अनाज बेचकर जा रहा था। तभी गांव के नीलू विश्वकर्मा पुत्र रामनारायण अपने 3-4 अज्ञात साथियों के साथ आया और उसे गालियां देने लगा। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुये सिर में डंडा दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। आरोप है कि नीलू काफी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और उसे जान का खतरा बना हुआ है। मामले में पुलिस ने नीलू विश्वकर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत पर बनी टपरिया क्षतिग्रस्त की

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम उत्तमधाना निवासी कल्यान पुत्र द्वारका प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 2 दिसम्बर को अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आया हुआ। इसी का फायदा उठाते हुये जगदीश पुत्र चन्दन पटेल व नीरज पुत्र जगदीश ने उसके खेत में बनी टपरिया को क्षतिग्रस्त कर दिया। अगले दिन जब वह घर लौटा व खेत पर जाकर उलाहना दिया तो उक्त लोगों ने गालियां दी और मारपीट कर दी। बचाव करने आये उसके पुत्र गौरव के साथ भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि वह पूर्व से पैरालायसिस है और दूसरा पैर से दिव्यांग है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोपक लगाया

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम नयागांव निवासी 52 वर्षीय मंजू पत्नी मन्से रजक ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट के समक्ष दावा प्रस्तुत किया है। बताया कि बीती 4 अक्टूबर को सुबह 8 बजे उसका नाती अंशु कन्या भोज के लिए माता मंदिर जा रहा था। रास्ते में उसके नाति के आशिव से छू जाने के कारण आशिव पुत्र इस्त्राइल खां ने उसके नाती से मारपीट कर दी, जिससे वह रोता हुआ घर आ रहा था, तभी आशिव पे पीछे से आकर घर के सामने जब उससे कहा कि क्यों मारापीटा तो इस पर उसने गालियां देते हुये ईंट मारना शुरू कर दिया। बचाव करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत उसी दिन जाखलौन थाने में की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुयी। 8 अक्टूबर को एसपी के समक्ष की, जिस पर अगले दिन 9 अक्टूबर को उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।

---

वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित

# जनप्रतिनिधियों से सहायक उपकरण पाकर दिव्यांग जनों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद में विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में विकास भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों के पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक, शैक्षणिक, विधिक व चिकित्सीय आदि विषयों पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किये गए। राज्यमंत्री ने अपने संबोधन ने कहा कि आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इस विराट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिससे जनपद के दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध हो सकें। इस शिविर के माध्यम से जनपद के अनेक दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए विश्व दिव्यांगता दिवस की बधाई दी।

#### मंदबुद्धि दिव्यांगजनों के लिए अभिभावक नामित किए जाएं

सदर विधायक ने कहा कि जनपद के दिव्यांगजनों के लिए समय-समय पर विभाग द्वारा इस प्रकार के सहायक उपकरण वितरण कैम्पों का कराया जाता रहा है। आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी दिव्यगजनों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा मंदबुद्धि दिव्यांगजनों के लिए अभिभावक नामित किये जाने का कार्य किया जाए और इसकी जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे ऐसे दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाएं व आर्थिक निर्णय लेने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। कार्यक्रम का शुभारंभ व दीप प्रज्वलन के उपरांत राष्ट्रगान एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए किया गया। वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। माननीयों द्वारा वक्ताओं को स्मृति चिन्ह व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर द्वारा अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विख्याताओं के रूप में डा शकुन्तला मिश्रा पुनर्वासन विश्वविद्यालय से प्रो डा सीताराम पाल, डा सुधा राव व डा महेश चौधरी एवं यूनाइटेड नेशन में दिव्यांगजनों की ओर से भारत का पक्ष रखने वाले एडवोकेट मनोज कुमार पांडेय, क्योर इंडिया फाउंडेशन की प्रतिनिधि वुसी वर्गास एवं एवोल्यूशन फार हेल्थ केयर इंडिया के प्रतिनिधि दिलीप साहू उपस्थित रहें।

---

अभिनंदनोदय तीर्थ में कार्यक्रम

## अनंतकालीन भक्ताम्मर विधान की 14वीं वर्षगांठ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर के सिविल लाइन स्थित अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल मंदिर में निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से अनन्तकालीन भक्ताम्मर पाठ की 14 वी वर्षगांठ प्रभावना पूर्वक पूजन विधान के साथ सम्पन्न हुई जिसमें पुण्यार्जक परिवार भक्तिपूर्वक सम्मलित हुए।

प्रातःकाल भगवान अभिनंदनाथ की मूर्ति पर अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त भक्ताम्मर विधान का शुभारम्भ हुआ जिसको विधानाचार्य आनंद जैन पंचमनगर, नरेन्द्र जैन राजश्री एवं नीरज जैन बंटी कचरोदा ने विधिविधान पूर्वक सम्पन्न कराया। जिसका पुण्यार्जन विधानकर्ता अनिल जैन अंचल, अरविन्द जैन, विमलेश जैन लागौन, राजमति जैन, महेन्द्र जैन पंचमनगर, सिंघई देवेन्द्र जैन श्रीश जेन, निर्मल कुमार एड कुम्हेंण्डी, सुधाकलश भक्ताम्मर महिला मण्डल, ब्रह्मचारिणी सविता जैन, अंकुर जैन मोहन मावा, ज्योति जैन नजा आनंद जैन कुडावनी परिवार को मिला। गौरतलब रहे कि अनंतकालीन भक्ताम्मर पाठ मुनि सुधासागर महाराज के आर्शीवाद से ललितपुर जैन समाज को मिला जो अनवरत रूप से संचालित हुए 14 वर्ष पूर्ण हुए। जिसमें पुण्यार्जक परिवार भक्ताम्मर विधान एवं सायंकालीन आरती के साथ साथ अखण्ड भक्ताम्मर पाठ में सम्मलित होकर असीम पुण्य और आत्मिक शान्ति की अनुभूति करता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जैन पंचायत अध्यक्ष डा अक्षय टया, महामंत्री आकाश जैन, सनत खजुरिया, शीलचंद अनौरा, प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक जैन दैलवारा, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, जिनेन्द्र जैन डिस्को, प्रभात सराफ, राजेन्द्रजैन थनवारा, अखिलेश गदयाना, अक्षय अलया, सनत मलैया, मनोज जैन बबीना, शिक्षक पुषेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।

---

हिंदुत्व को जोड़ने की भावना

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घर घर संपर्क अभियान, भारत मां का चित्र व पत्रक दिया



**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष के रूप में घर-घर जाकर गृह संपर्क अभियान किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक हिंदू घरों पर संपर्क करके उन्हें हिंदुत्व की भावना को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है वहीं भारत मां का चित्र व पत्रक देकर लोगों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तालाबपुरा द्वारा शिवाजी बस्ती के स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर जनसपर्क किया वहीं लोगो को जानकारी दी गई की वह विरोधी मानसिकताओं को छोड़कर भारत माता व देश भक्ति की भावनाओं को जागृत किया जाए व पंच परिवर्तन के बारे में बताया गया स्वयंसेवक नियमित रूप से समाज परिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिये सतत सक्रिय रहते हैं, लेकिन शताब्दी वर्ष के पश्चात पाँच विषयों पर सज्जन शक्ति के सहयोग से जन-जागरण के लिए विशेष प्रयत्न करेंगे। जिन्हें पंच परिवर्तन कहा गया है। इस मौके पर छककीलाल साहू, भरत पुरोहित, आशीष तिवारी, रामकुमार नामदेव, हर्ष नामदेव, विक्रम सेन, रामसेवक पाठक, पुरुषोत्तम नारयण चौबे, नीरज जैन, चन्द्रमा सिंह, रमेश सिंह विकास गुप्ता ऋषि साहू हरनाम सिंह पीतम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

---

भाजपा जिला अध्यक्ष ने एसआईआर मॉनिटरिंग सेल के साथ बैठक की

## एसआईआर के आगामी कार्यक्रम पर चर्चा कर सुझाव दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत द्वारा पार्टी के एसआईआर मॉनिटरिंग सेल के साथ एक बैठक में भाग लिया । इस मौके पर उन्होंने एसआईआर के अंतर्गत आगामी कार्यक्रम के बारे में चर्चा कर सुझाव दिए।

जिला अध्यक्ष ने सभी को अवगत कराया कि बी एल ए 2 और बूथ अध्यक्षों को भी अवगत कराएं कि जिन्हें नए मतदाता बनना है और उनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन सभी लोगों से फॉर्म 6 भरने का काम करना है और सभी से आग्रह करें कि यह फार्म जरूर भरें। उन्होंने कहा कि जिला संयोजक सभी मण्डल अध्यक्षों को अवगत कराएं कि जिन मतदाताओं को संशोधन कराना है वो फार्म 8 भरें। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड,पूर्व जिलाध्यक्ष प प्रदीप चौबे, जिला संयोजन एस आई आर अभियान बीजेपी हरिराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, बंशीधर श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, दीपक पाराशर, मनविंदर कौर, ध्रुव राजा, सुनीता पंथ, आदि उपस्थित रहे।

---

## अंबेडकर के 70वें परीनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अंबेडकर महासभा की बैठक हुई

अंबेडकर महासभा की ओर से एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 70वें परी निर्वाण दिवस पर अंबेडकर पार्क जेल चौराहा पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे संपन्न होगा ।

समिति के अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम ने बताया की मुख्य अतिथि इंजीनियर अजय कुमार अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड प्रथम ललितपुर इंजीनियर भागीरथ बरुआ अधिशासी अभियंता सेवा निर्मित सिंचाई विभाग ललितपुर इंजीनियर सतीश चंद्र गौरव सहायक अभियंता सिंचाई विभाग लखनऊ जसराथ प्रसाद गुड़ा बुजुर्ग प्रधान लिपिक सेवा निर्मित,एसपी ऑफिस ललितपुर होगें बैठक की अध्यक्षता कर रहे इंजीनियर संतोष अहिरवार सभी लोगों से अपील की श्रद्धांजलि सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की कृपा करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं उक्त बैठक में अंबेडकर महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम डॉक्टर खेमचंद वर्मा मनीष पटवारी लाल पैथ संगीता गौतम रविंद्र अहिरवार राम प्रकाश भारती घासीराम सुखाड़ी नवल घावरी जहीर ललितपुरी सत्येंद्र विश्वकर्मा गब्बर अहिरवार चंदन सिंह अहिरवार हरिशंकर उर्फ बंटी ओमप्रकाश अहिरवार फूलचंद अहिरवार एडवोकेट अर्जुन सिंह बेसरा शब्बीर मंसूरी किसान नेता नूर मोहम्मद मंसूरी मलखान सिंह यादव रज्जू लाल दाऊ हरिशंकर एडवोकेट हरगोविंद अहिरवार बलराम समाजसेवी डॉ रामू कांत वर्मा राजेंद्र अहिरवार नेहरू नगर मनीष अहिरवार अरविंद अहिरवार सुनील कुमार सूर्या राजू अहिरवार एडवोकेट रानू कुमार गौतम जानकी अहिरवार पार्षद वार्ड नंबर 5 रामस्वरूप नामदेव एंड राकेश सूर्यवंशी संदीप धौलपुरिया निलेश अहिरवार संजू अहिरवार नवाजी मंसूरी राहुल अहिरवार बृजेशअहिरवार भारत लाल एडवोकेट हेमराज गौतम केहर अहिरवार संजय अहिरवार विक्रम अहिरवार गौरव अहिरवार परशु अहिरवार अमित अहिरवार सचिन अहिरवार नंदू आदि जन बैठक में मौजूद रहे।

---

7 दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया था

## ग्राम दैलवारा में भंडारा कर किया गया शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन


हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दैलवारा में 7 दिवसीय यज्ञ का भंडारा के साथ समापन हुआ शिवपुराण कथा में सुश्री जयेश्वरी देवी ने शिव पुराण का वर्णन करते हुए कहा कि सती चरित्र करते हुए कहा कि राजा दक्ष ने भगवान शंकर को निमंत्रण नहीं दिया इससे सती पति का अपमान नहीं सहन हुआ और राजा दक्ष के यज्ञ में पहुंच कर पिता से पूछा कि भगवान शंकर को निमंत्रण न देने कारण पूछा दक्ष ने पति शंकर के प्रति अशब्द नहीं सुन सकी और अपने को भस्म कर लिया शंकर गणों में ने महायज्ञ भस्म कर दिया था सुश्री जयेश्वरी देवी ने कहा कि धर्म ही साथ जायेगा सभी भक्तों को जप तप करना चाहिए। कथा के साथ पंचकुंडीय महायज्ञ मे त्वत्वश्री नर्मदानंद गिरी महाराज यज्ञ करता, रामानंद ऋषभगिरी नगा बाबा, गौरी शंकर गिरी महाराज नागा बाबा, परमानंद महाराज महंत, मुक्ति आनंद महाराज, सुरेंद्र नंद गिरी महाराज, महाकाल महाराज, बालकानंद महाराज यज्ञ आचार्य राजेश दुबे महाराज जबलपुर राजेश मालवीय मंचू महाराज दैलवारा आदि संतों ने बड़े ही नियम पूर्वक विधि विधान करके यज्ञ को संपन्न कराया जिसमें मुख्य यजमान भीष्मप्रतापसिंह बुंदेला गौलूराजा, केयर सिंह मंडेला पवन प्रताप सिंह बुंदेला रामपाल सिंह बुंदेला त्रिभुवन सिंह बुंदेला यशपाल सिंह बुंदेला रामसेवक पाल प्रदीप रिछारिया, आलोक चतुर्वेदी, शीशपाल सिंह परमार,मिंटू शर्मा, रामसेवक पाल, गोबरधन पाल, देशराज पाल, सोनू राजा, रामपाल सिंह, रामदयाल कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा,मदन आदि यज्ञ कर रहे हैं यग्याचार्य राजेश दुबे के आचार्य पंडित अमन द्विवेदी,राजेश मालवीय, पंडित सरदनारायण शास्त्री, पंडित अमन दुबे, पंडित ओम दुबे, पंडित केशव दुबे समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे बड़ी धूमधाम से 8 दिन यज्ञ व अभिषेक करते र। दैलवारा में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने भाग लिया धर्म की गंगा बही।

---

बीईओ को दिया ज्ञापन

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने चयन वेतनमान मांगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महरौनी

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा महरौनी के तत्वावधान में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जैन की अगुवाई में ब्लॉक संसाधन केंद्र महरौनी पर शिक्षकों का चयन वेतनमान लगवाने के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित को ज्ञापन सौंपा, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित द्वारा तत्काल शिक्षकों का समय रहते चयन वेतनमान लगवाने को आश्वत किया। और कहा कि समय से सभी शिक्षकों का चयन वेतनमान लगवाने की प्रक्रिया शासन स्तर पर गतिमान है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा महरौनी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री संजीव पटेरिया,एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य संतोष गुप्ता मौजूद रहे।

---

जिलाधिकारी ने हासिल की 94.61 प्रतिशत प्रगति

## 1063 में से 632 बूथों पर एसआईआर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

**डीएम ने बूथों पर जाकर बीएलओ को प्रोत्साहित किया और पूरी निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एक से दो दिन में फीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, इसके उपरान्त दूसरे चरण का कार्य शुरू होगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद में निर्वाचक नामावलियों के एसआईआर 0अभियान ने गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक 94.61 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, जिसमें ईएफ डिजिटाइजेशन के 87.09 एवं एएसडी (अनट्रेसेवल, परमानेंट शिफ्टिड, ऑलरेडी एन्रोल्ड व अन्य) के 7.52 प्रतिशत मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा जनपद के कुल 1063 बूथों में से 632 बूथों पर एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में एसआईआर का प्रथम चरण समाप्ति की ओर है, जिसके अंतर्गत हमने 94.61 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, एक से दो दिन में फीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, इसके उपरान्त दूसरे चरण का कार्य शुरु होगा। जिलाधिकारी ने अभियान को और गति देने व बीएलओ को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की। यहां पर बूथ सं0-387, 388 व 389 की बीएलओ कार्य करती हुई पायी गईं, जिलाधिकारी के पूछने पर बताया गया कि बूथ सं0-387 पर 1141 के सापेक्ष 850 फार्म, बूथ सं0-388 पर 1194 के सापेक्ष 992 फार्म व बूथ सं0-389 पर 1249 के सापेक्ष शत-प्रतिशत फार्म फीड करा दिये गए हैं। अवशेष फार्म भी जल्द फीड हो जायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पूरी निष्ठा से कार्य करते रहिए, एक से दो दिनों में हम शत-प्रतिशत उपलब्धी हासिल कर लेंगे।

#### प्राचीन बावड़ी को जिलाधिकारी ने देखा

*विद्यालय में ही स्थित प्राचीन बावड़ी को जिलाधिकारी ने देखा, मौके पर बावड़ी से पेयजल की आपूर्ति हेतु पाइपलाइन डाले जाने का कार्य प्रगति पर था, अधिशासी अधिकारी नपा ने बताया कि पूर्व में इस बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है, ताकि प्राचीन जलस्रोतों से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके, यहां का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालया के जीर्णशीर्ण कक्षों को देखकर प्रधानाचार्या से उनके जीर्णोद्धार की जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि कक्षों के जीर्णोद्धार के लिए शासन को पत्र भेजा गया है, धनराशि उपलब्ध होते ही कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, मिशन मैनेजर, प्रधानाचार्या सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### विद्युत वितरण कंपनी की लाइट शिफ्टिंग सहित एजेंसी को भुगतान न होना बड़ी वजह

# कछुआ गति से रेंग रहा 14 करोड़ रु के नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में पीआईयू (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन यूनिट) द्वारा बनवाए जा रहे मेडीकल कॉलेज निर्माण कार्य ने भलेंही तेज गति पकड़ ली हो लेकिन समीप ही निर्मित किए जा रहे नर्सिंग कॉलेज का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। पीआईयू द्वारा निर्धारित एजेंसी ने अप्रेल 2025 में इस कॉलेज का निर्माण आरंभ किया था लेकिन 9 माह बीत जाने के बाद भी काम में उतनी प्रोग्रेस मौके पर नजर नहीं आ रही है जितनी हो जानी चाहिए थी।

नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने की दो बड़ी प्रमुख वजहें भी सामने आई हैं। दरअसल, जिस निर्माण एजेंसी ने करीब 14 करोड़ 79 लाख रुपए लागत वाले इस प्रोजेक्ट का टैंडर लिया है उसे विभाग द्वारा अभी तक एक धेले का भी भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान के साथ ही निर्माण स्थल के ऊपर से गुजर रही विद्युत विभाग की हाईटेंशन लाईन की शिफ्टिंग भी अभी तक न हो काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। कुछ दिनों पहले विद्युत वितरण कंपनी ने लाईन शिफ्टिंग कार्य का शेड्यूल भी तय किया था लेकिन लाईनों का यह शिफ्टिंग कार्य अभी पूरी तरह से नहीं हो पाया है।

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के समीप ही बन रहा है यह नर्सिंग महाविद्यालय

### एजेंसी को नहीं हुआ अभी तक कोई भुगतान


सूत्रों के अनुसार पीआईयू ने जिस निर्माण एजेंसी को नर्सिंग कॉलेज निर्माण का ठेका दिया है उसके द्वारा करीब डेढ़ करोड़ का कार्य करवाने के उपरान्त विभाग को बिल सब्मिट कर दिए गए हैं। इसके बावजूद विभाग ने एजेंसी को अभी तक कोई पेमेंट नहीं किया है। यही कारण है कि पेमेंट न होने से संबंधित ठेकेदार भी काम में लेटलतीफी करता नजर आ रहा है।

### केंद्र और राज्य सरकार दोनों का लग रहा पैसा

आपको बतादें कि नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण मेडीकल कॉलेज की तरह ही केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित है। निर्माण लागत का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करती है। ऐसे में किस केंद्र या राज्य किस मद की राशि अटकी हुई है, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### मेडिकल कॉलेज निर्माण ने अलबत्ता पकड़ी गति

संकट मोचन बड़ली एरिए के जिस विशाल क्षेत्र में मेडीकल कॉलेज (चिकित्सा महाविद्यालय) का निर्माण कार्य चल रहा है, शुरूआत में उस काम की गति भी बेहद धीमी थी। तय समय से करीब 2 साल लेट चल रहे मेडीकल कॉलेज के निर्माण अब कहीं जाकर तेज गति से शुरू हो चुका है। निर्माण एजेंसी द्वारा लेबर सहित अन्य संसोधनों की संख्या बढ़ा दिए जाने से इस काम में अलबत्ता काफी प्रोग्रेस नजर आ रही है।



### खास-खास

| | | |
|---|---|---|
| निर्माण कार्य | : | नर्सिंग महाविद्यालय |
| कहां बन रहा | : | संकट मोचन क्षेत्र |
| लागत | : | 14 करोड़ 79 लाख |
| क्षेत्रफल | : | 25 हजार स्क्वायर फीट |
| कितनी मंजिल | : | 02 मंजिला |
| छात्रावास | : | 05 मंजिला |

### शीघ्र भुगतान कराया जाएगा

मैने 2 महीने पहले ही जिले में कार्यभार सम्हाला है। उसके बाद मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रोग्रेस आप देख ही रहे होंगे। नर्सिंग कॉलेज निर्माण में हाइटेंशन लाइन जल्द हटाने हम विद्युत विभाग से सतत संपर्क में है। निर्माण एजेंसी का पेमेंट भी जल्द करवाया जाएगा।

**ज्ञानदीप भूमरकर,**
कार्यपालन यंत्री(भवन), पीडब्ल्यूडी, राजगढ़

### पीछे से कार को टक्कर मारने वाली बस ने दुर्घटना के बाद ऑनलाइन लिया टीपी और भरा टैक्स

आरटीओ की अनदेखी से सड़कों पर बिना कागज पूरे किए ही दौड़ रही हैं गाड़ियां

# बिना परमिट और टैक्स के फर्राटे भर रही थी प्रज्ञा बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मंगलवार को दोपहर में ब्यावरा से पचोर हाइवे पर 2 को गंभीर एवं 12 यात्रियों को घायल करने वाली प्रज्ञा बस की सच्चाई यह है कि कार को पीछे से टक्क्र मारने के बाद हुई दुर्घटना के समय तक न ही तो उसके पास परमिट था और न ही टैक्स ही जमा किया गया था। साथ ही पीयूसी भी एक्सपायर हो चुका था ऐसे हालातों में यह मौत की बस सडकों पर कैसे दौड रही थी और आरटीओ कैसे अपनी ऑखें मूंदे जिले में कार्रवाई का हवाला देते रहते है। सडकों पर खडें होकर सिर्फ स्कूली बसों पर कार्रवाई कर वाहवाही लूटने वाले आरटीओ को सडकों पर दौडती यह मौत की यात्री बसें क्यों दिखाई नहीं देती। हरिभूमि ने पूर्व में भी सडकों पर बिना कागजों के दौडती बसों व गाडियों का जिक्र किया था परंतु आरटीओ के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।


epaper.haribhoomi.com
Bhopal Guna Bhoomi - 03 Dec 2025 - Page 4
12 फीट चौड़े डिवाइडर से उछलकर बस पहुंची दूसरी लेन
बस ने कार को पीछे से मारी ट
12 यात्री घायल, 2 शाजापुर रे
संदेह के घेरे में आरटीओ क
बिना परमिट बस फिर दौड़ी

**दुर्घटना के बाद भरा टैक्स-** प्रज्ञा बस सर्विस द्वारा कार को पीछे से टक्कर मारने के बाद सबसे पहला काम उन्होने ऑनलाइन टैम्प्रेरी परमिट लिया जो सिर्फ एक ही दिन के लिए लिया गया। मतलब दुर्घटना के दिन मंगलवार 2 दिसंबर को ही आवेदन किया और उसी दिन एक दिन के लिए ही टीपी जारी हो गया परंतु जारी होने का समय दुर्घटना के बाद का होने से मामला बिगड रहा है। यही हाल टैक्स भरने का है आनन -फानन में प्रज्ञा बस एमपी 09 एफए 3815 का 11648 टैक्स भी भरा गया जिसका समय भी दुर्घटना होने के बाद का होने से सच सामने आया है कि आरटीओ की लापरवाही से मौत की यात्री बसे सडकों पर दौड रही है।

## संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ब्यावरा।** इस कार्यक्रम में प्रभारी के तौर पर अमित बंसल एवं विशेष अतिथि के रूप जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे हुआ जो की 2 घंटे तक लगातार चला।

इस बीच वक्ताओं ने संविधान की प्रासंगिकता एवं उसके परिपालन पर अपने विचार रखें आजादी के संघर्ष और उसके बाद के संविधान के निर्माण के प्रसंग को बताते हुए वक्ताओं ने संविधान की की वर्तमान में प्रासंगिकता को लेकर मौजूद जन मानस एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम संपूर्ण राजगढ़ जिले में प्रत्येक मंडल स्तर पर आयोजित किया जाना है इसी श्रृंखला में शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा स्थानीय पीपल चैराहे पर बुनियादी पाठशाला मंडलम भवरगंज मंडलम और जगत चैक मंडलम की बैठक आयोजित की गई।

### अंर्तविभागीय समन्वय को बढ़ावा देने आयोजित हुआ था क्रिकेट मैच

## मैत्री मैच के मैदान में प्रशासनिक टीम ने प्रोफेसरों की टीम को दी पटखनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



जिले में अंर्तविभागीय समन्वय को बढावा देने के उद्धेश्य से बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों एवं कॉलेज के प्राध्यापकों के बीच क्रिकेट का मैत्री मैच आयोजित किया गया। इस मैत्री मैच में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम ने कॉलेज के प्रोफेसरों की टीम को बड़े अंतर से हरा दिया। मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासनिक टीम के प्लेयर नायब तहसीलदार ऋषभ परतेती 'मेन ऑफ द मैच' घोषित किए गए। उनकी निर्णायक पारी के चलते प्रशासनिक टीम को सफलता हाथ लगी। इस आयोजन में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और मैत्री मेच को स्वस्थ कार्य-संस्कृति का प्रभावी माध्यम बताया।

जिला पंचायत सीईओ श्री गढ़पाल ने बताया कि ऐसे आयोजन विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सामंजस्य स्थापित करते हैं। साथ ही यह एक ऐसा मंच प्रदान करते हैं, जहाँ अधिकारी और प्राध्यापक अनौपचारिक वातावरण में एक-दूसरे को बेहतर समझ पाते हैं।

## प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों की मांगों को माना और अपनी हड़ताल कर दी समाप्त



**सारंगपुर।** नगर पालिका में पिछले कई दिनों से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल आखिरकार बुधवार को समाप्त हो गई। कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम रोहित बम्होरे ने नगर पालिका पहुंचकर हड़ताली सफाईकर्मियों से चर्चा की और उनकी प्रमुख मांगों को स्वीकार किया। प्रशासन द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बाद सफाईकर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर पुनः कार्य पर लौटने का निर्णय लिया।

हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। नागरिकों को गंदगी और कचरे की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को एसडीएम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर हड़ताली कर्मियों से संवाद किया। सफाईकर्मियों ने बताया कि 43 स्थायी सफाईकर्मियों को हटाए जाने के आदेश से कर्मचारियों में आक्रोश था। इसी को लेकर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे थे। एसडीएम बम्होरे ने कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और आश्वस्त किया कि उनकी मांगों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बातचीत के दौरान उन्होंने साफ किया कि नगर की सफाई व्यवस्था जनता की बुनियादी जरूरत है, इसलिए हड़ताल खत्म कर सभी कर्मचारियों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। प्रशासन की इस समझाइश और मांगों के स्वीकार होने के बाद सफाईकर्मियों ने सहमति जताई। नगर पालिका प्रशासन ने भी कर्मचारियों की बात मानते हुए 43 सफाईकर्मियों को पुनः कार्य पर लगाने का निर्णय लिया। निर्णय मिलते ही कर्मचारियों में राहत की भावना देखी गई। हड़ताल समाप्त होने के बाद गुरुवार से नगर में नियमित सफाई कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

### सीएम हेल्पलाइन एवं टीएल में लापरवाही पर कार्रवाई

## 12 विभाग प्रमुखों पर 2-2 हजार का जुर्माना, रेडक्रॉस में करेंगे राशि जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में खराब प्रदर्शन एवं समय-सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में लापरवाही पर कलेक्टर ने 12 विभाग प्रमुखों पर 2-2 हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित की है। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी अंतर्गत तय सीमा से बाहर हुई शिकायतों पर माचलपुर नगर परिषद समेत एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों पर 1-1 हजार की शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

जुर्माना एवं शास्ति से प्राप्त राशि रेडक्रॉस मद में जमा करवाई जाएगी। सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर तलेन नगर परिषद सीएमओ लीलधर सेन, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री जे.के ठाकुर, एनएचएम के डॉ. नितिन पटेल, पांड चिकित्सा अधिकारी हिमांशु मीणा, जल निगम के डिप्टी मेनेजर रवि यादव पर 2-2 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करवाने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इसी तरह अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, जेल विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, मत्स्य विभाग के अधिकारियों पर भी 2-2 हजार की शास्ति अधिरोपित कर रेडक्रॉस में जमा करवाने के निर्देश प्रदान किए।

**लापरवाही पर नप एवं पंचायतों पर भी कार्यवाही-** इसी प्रकार लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय सीमा से बाहर शिकायतों में नगर परिषद माचलपुर, वार्ड ग्राम पंचायत कालीतलाई जनपद पंचायत राजगढ़, ग्राम पंचायत बांकपुरा, ग्राम पंचायत सांकाजागीर जनपद नरसिंहगढ, ग्राम पंचायत देहरीकराड, ग्राम पंचायत खजुरी गोकुल जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत धामन्याजोगी जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत मोकमपुरा जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत बोरकापानी जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत गोरधनपुरा एवं ग्राम पंचायत कांकरिया पर योजना विभाग द्वारा 1-1 हजार रूपये शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित हुईं विविध प्रतियोगिताएं

## दिव्यांगजन व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों सहित अन्य खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों, प्रतिभा एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रशासन द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड पर निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिता तथा विशेष जागरूकता गतिविधियाँ कराई गईं जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

"समावेशन और समान अवसर सबका अधिकार" अंतर्गत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, अधिकारों के संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा द्वारा प्रमाणपत्र, पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं तथा उन्हें मुख्यधारा में सम्मिलित करते हुए शिक्षा, रोजगार एवं सम्मानजनक जीवन हेतु सभी आवश्यक अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। इस दिशा में शासन द्वारा विभिन्न कल्याण कारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत फूलसिंह तंवर, नपाध्यक्ष विनोद साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा आदि मौजूद थे।

### पौधरोपण, तार फेंसिंग और खाद-बीज कार्य पूर्ण करने पर हितग्राहियों को मिलेगा तत्काल भुगतानः एसडीओ



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई 'मां की बगिया' योजना ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हितग्राहियों का चयन किया गया है। सारंगपुर जनपद पंचायत में अब तक 100 से अधिक हितग्राही चयनित किए जा चुके हैं, जिन्हें मां की बगिया के नाम पर पौधरोपण का कार्य सौंपा गया है। योजना को तेज गति से धरातल पर उतारने के लिए जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल तथा एसडीओ कृपाल पोरवाल द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थ पंचायत अमले को निर्देशित किया है कि पात्र हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज तुरंत जनपद में उपलब्ध कराए जाएँ, जिससे कार्य समय पर प्रारंभ हो सके। सारंगपुर जनपद में सबसे अधिक हितग्राही चिन्हित होने के कारण यहां योजना का कार्य बड़े पैमाने पर चल रहा है।

## जिले में 96.74 फीसदी हुआ डिजिटाइजेशन

**विदिशा।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में दो दिसम्बर की दोपहर 12 बजे तक 96.74 फीसदी मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। विदिशा जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1120532 है जिसमें से तीस नवम्बर की दोपहर दो बजे तक 1084051 मतदाताओं के गणमना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र विदिशा में लक्ष्य का 91.67%, बासौदा में 97.43 %, कुरवाई में 99.22 %, सिरोंज में 97.77 % तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 97.71% लक्ष्य दो दिसम्बर तक पूरा कर लिया गया है।

### अकेले राजगढ़ जिले में 6 लाख तक होगा निजी कंपनी वास्को का बिल

# सिविल सर्जन के आदेश के बाद 50 प्रतिशत कम हुई सीटी स्कैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला अस्पताल में वास्को कंपनी द्वारा लगाई गई सीटी स्कैन मशीन द्वारा जहां प्रत्येक माह मरीजों के सीटी स्कैन 10-12 लाख का बिल बनता रहा है जिसका भुगतान सरकार खजाने से होता रहा है परंतु सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य व सरकार के खजाने को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों सीटी स्कैन प्रभारी को आदेश जारी किया गया जिसमें बिना विशेषज्ञ डॉ या जरूरी होने पर ही सीटी स्कैन किया जाए।

प्रत्येक मरीज को स्कैन फिल्म दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि कई मरीजों को वास्कों सीटी स्कैन द्वारा फिल्म नहीं दी जाती थी ऐसी शिकायतें भी मिली थी। वहीं सीटी स्कैन को लेकर जागरूक होना भी जरूरी है जिसको लेकर सिविल सर्जन द्वारा जल्द ही सीटी स्कैन से होने वाली हानियों के बारे में अस्पताल में प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया जावेगा जिससे मरीजों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा सके।

## एक्सपर्ट बोले - 10-15 साल में आएंगे कैंसर जैसे घातक परिणाम




### सरकार के 72 लाख की होगी बचत

यदि सिविल सर्जन के आदेश को आधार माना जाए तो पिछले 15 दिनों में वास्को कंपनी द्वारा की जा रही सीटी स्कैन में 50 प्रतिशत की कमी आई है तो यह आंकडा उनके मासिक बिल राशि 10-12 लाख के हिसाब से 5-6 लाख प्रतिमाह रह गया। इससे शासन को एक साल में एक ही जिले से 72 लाख की बचत होगी जो की फिजूल तरीके से सीटी स्कैन कर की जा रही थी।

### जवाहर नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एवं रिर्सच सेंटर के एचओडी बोले सीटी स्कैन रेडीएशन से मरीजों में कैंसर का खतरा



यदि किसी मरीज की सीटी स्कैन की जाती है तो उसमें 100 एक्स-रे के बराबर रेडिएशन का खतरा होता है ऐसे में यदि किसी मरीज को साल भर में 4-5 बार सीटी स्कैन से गुजरना पडें तो उसको भविष्य में कैंसर जैसी बिमारी होने की प्रबल संभावना हो जाती है। यह बात भोपाल के प्रतिष्ठित कैंसर संस्थान जवाहर नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एंड रिर्सच सेंटर के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एचओडी डॉ विजय भागर्व ने हरिभूमि को बताई उन्होने यह भी बताया कि कोरोना महामारी से संक्रमित रहे व्यक्ति पर सीटी स्कैन रेडिएशन का खतरा कई गुना ज्यादा है परंतु इस रेडिएशन के गंभीर परिणाम आने में 10-15 साल का समय लग जाता है।

### वास्को ने लगाई कम क्षमता की सीटी मशीन

वास्को कंपनी द्वारा राजगढ जिला अस्पताल में की जा रही सीटी स्कैन पर भी एक्सपर्ट का कहना है कि कई बार जिले में की जा रही सीटी स्कैन किसी काम की नही होती क्योंकि उनकी स्कैन केपिसिटी इतनी कम होती है सही है डायग्नोस नहीं हो पाता ऐसी स्थिती में हमें दुबारा मरीज का सीटी स्कैन हाईकॉन्ट्रॉस्ट पर करना होता है। जिससे मरीज को लगातार सीटी स्कैन के रेडिएशन का सामना करना पडता है।

## आदित्य पैलेस व मैरिज गार्डन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर को आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन के रूप में जल्द ही एक नई सुविधा मिलने जा रही है। गुना-ग्वालियर बायपास पर भव्य तरीके से निर्मित होने वाले इस रिसार्ट का भूमिपूजन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार की अगुवाई में संपन्न हुआ, जिसमें तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर मणिधारी समूह के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा ने जानकारी देते हुए बताया कि आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन सुरेन्द्र कुमार रघुवंशी एवं कृष्ण कुमार रघुवंशी (पिपरिया) द्वारा निर्मित किया जा रहा है। इस गार्डन में सर्वसुविधा युक्त 32 कमरे एवं स्वमिंग पूल, बच्चों के लिए गेमिंग जोन, 40 हजार वर्गफिट का गार्डन, शानदार एवं व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि इस आधुनिक आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन को मणिधारी समूह द्वारा संचालित किया जाएगा।